तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024

10 कामता में बड़ी संख्या में रोपे गए पौधे...



12 एसडीएम ने गिरौदपुरी पंचायत में लगायी संध्या चौपाल





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## पहल : देशभर में नया कानून लागू होते ही थाना-चौकी में जागरुकता अभियान शुरू

# नया कानून लागू : सिमगा में प्रथम अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

देश में पुराने तीन अपराधिक कानून 1 जुलाई से बदल गए। उनकी जगह नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गया। अब नए कानून के तहत ही प्रकरण दर्ज होंगे। भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य न्याय प्रणाली को और अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके। नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है, कि न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो। नये कानून के तहत त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शून्य में एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ईमेल के माध्यम से सम्मन भेजना और जघन्य अपराध की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करने जैसे प्रावधान नए कानून में अनिवार्य कर दिए गए हैं। नए कानून का मुख्य उद्देश्य अब आमजनों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करवाना है। नए कानून के तहत जिले के थाना सिमगा में प्रथम अपराध दर्ज किया गया है। 1 जुलाई को थाना सिमगा में प्रार्थी की रिपोर्ट पर नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109 के तहत 2 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



### भारतीय न्याय संहिता में अब 358 धाराएं सम्मिलित की गई

तत्संबंध में जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में भी पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके तहत 1 जुलाई को जिले के समस्त थाना चौकी एवं पुलिस सहायता केंद्र में न्यायिक अधिकारी, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, पुलिस अधिकारियों द्वारा नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नए कानूनों का उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है। भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है। अपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदला गया है।

## नए कानून से सभी लोगों मिलेगा त्वरित न्याय

- विधानसभा क्षेत्र में नवीन कानूनों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम जारी

कसडोल। देशभर में आज से भारतीय दंड संहिता (IPC) की जगह भारतीय न्याय संहिता (BNS), क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होने पर पुलिस विभाग जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को कसडोल थाना परिसर में भी पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मुख्य अतिथि जेएमएफसी मजिस्ट्रेट बृजेश रॉय एवं एडीपीओ तेज कुमार एक्का शामिल हुए। इस दौरान मजिस्ट्रेट द्वारा कसडोल थाना परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को ▶▶ शेष पेज 11 पर






### ई-सूचना से होगी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज

सोमवार को कसडोल थाना परिसर में आमजनों को नवीन न्याय संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मजिस्ट्रेट बृजेश रॉय ने बताया कि जो पुराने कानून देश में लागू थे वह ब्रिटिश शासन काल से चले आ रहे थे। अब आधुनिकता का समय है और सभी चीजें डिजिटल हो रही जिसे देखते हुए ही नवीन कानूनों में बदलाव किया है। अब किसी भी फरियादी की फरियाद लेकर पुलिस थाना जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। फरियादी चाहे तो ऑनलाइन फोन रिकॉर्ड, ई मेल या फिर वाट्सएप ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुलिस ने नया कानून लागू होने पर पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण कार्यक्रम का किया आयोजन

भाटापारा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा नया कानून लागू होने के संबंध में एक दिवसीय पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में जिले के समस्त थाना चौकी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए कानून के तहत प्रावधानों में किए गए बदलाव, नियमों, प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं नए कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 के तहत विभिन्न धाराओं में जिले के थाना सिमगा में प्रथम अपराध दर्ज किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस न्याय की दिशा में हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नया कानून भारतीय समाज को एक न्यायपूर्ण, समान और सुरक्षित समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस संबंध में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में भी पूरी तैयारी कर ली गई है। इसके तहत 1 जुलाई को जिले के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस सहायता केंद्र में न्यायिक अधिकारी, पुलिस स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों की उपस्थिति में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, पुलिस अधिकारियों द्वारा नए कानून के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। नए कानूनों का ▶▶ शेष पेज 11 पर

## देश में पुराने तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई से बदल गए

देश में पुराने तीन अपराधिक कानून 1 जुलाई से बदल गए। उनकी जगह नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गया। अब नए कानून के तहत ही प्रकरण दर्ज होंगे। भारत के नए कानून, विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता, का उद्देश्य न्याय प्रणाली को और अधिक आधुनिक और प्रगतिशील बनाना है। पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट को प्रतिस्थापित कर 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में तेजी और पारदर्शिता लाना है, जिससे हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सके। नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाना है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अनुसार यह सुनिश्चित किया गया है, कि न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो। नये कानून के तहत त्वरित कार्यवाही से न केवल पीड़ित को समय पर न्याय मिलेगा, बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि कानून और न्याय प्रणाली उनकी सुरक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा तत्पर है।

## थाना क्षेत्र में नये कानून लागू होते ही जागरुकता अभियान शुरू

खरोरा। स्थानीय थाना परिसर में नये भारत का नया कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित जनप्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी पदाधिकारी व आम लोगों को नया कानून न्याय संहिता के संबंध में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सहित देश में सोमवार से नया कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के लागू होने पर नये कानून के संबंध में प्रदेश के आम जन मानस तक इस नये कानून की जानकारी देने के उद्धेश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। खरोरा क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, नगर पंचायत परिषद, ग्रामीण क्षेत्र से आये पंच सरपंच सहित आम लोगों उपस्थित मे थाना प्रभारी खरोरा दीपक पासवान ने जानकारी देते बताया भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा–निर्देशानुसार नये कानून का उद्धेश्य जहां पहले से चले आ रहे कानून में दण्ड देने का उद्धेश्य निहित होने के चलते उसमें बदलाव कर न्याय देने उद्धेश्य से न्याय संहिता 2023 लागू किया है। इसके तहत जहां कई धाराओं को विलोपित किया है साथ ही नाबालिग व 18 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म करने पर उम्र कैद तक की सजा है, वहीं दुष्कर्म कर हत्या जैसे गंभीर अपराध पर फांसी देने का प्रावधान नये कानून में किया है। थाना प्रभारी ने बताया आत्महत्या करने के दौरान बचे लोगों पर अब अपराध दर्ज नहीं होगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र सिह ठाकुर ने उपस्थित लोगों को नये कानून के बारे में बताते हुए कहा कि अब कानूनी भाषा में उर्दू की जगह सरल हिंदी भाषा का उपयोग होने से जन मानस को सहुलियत मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने न्याय संहिता 2023 का आज अस्तित्व में आने पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की तारीफ करते कहां कुछ कानून अंग्रेज के जमाने से चले आ रहे थे। जिसे बदलकर अब न्याय संहिता बनाने से आम लोगों को कानून के तहत जहां न्याय मिल पायेगा, वहीं अपराधी को कानून का डर भी रहेगा। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने नव पदस्थ थाना प्रभारी से खरोरा क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब बिक्री रोके जाने के साथ साथ नशे की गोली व चाकूबाजी की घटना को रोकथाम करने की बात कही, जिसे नव पदस्थ थाना प्रभारी ने गंभीरता से लेते कार्रवाई की बात कही। इस अवसर पर पार्षदगण, पत्रकारगण, सरपंच, पंच और जनप्रतिनिधि, कोटवार, पुलिस के जवान उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप





### 30 पौवा शराब जब्त आरोपी जेल दाखिल

भवानीपुर। गिधपुरी थाना अंतर्गत ग्राम गाड़ा कुसमी में अवैध रूप से शराब विक्रय करते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस को जानकारी मिली की ग्राम गाड़ा में 34 वर्षीय मदन पिता विजय शंकर अपने घर में शराब बिक्री के लिए रखा है। पुलिस टीम के साथ ग्राम गाड़ा पहुंची और घेराबंदी कर उसके कब्जे से 30 पौवा शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

### बाइक फिसली, गिरने से मौत

महासमुंद। खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंडपाली निवासी वेदप्रकाश साहू की बाइक फिसलने से गिरकर मौत हो गई। वह बागबाहरा जाने के लिए निकला था तभी खुसरूपाली मोड़ मंदिर के पास फिसलकर गिर गया। उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बाइक की चोरी

महासमुंद। बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस से स्वास्थ्य कर्मचारी की मोटरसायकल चोरी होने पर पुलिस से इसकी शिकायत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 24 जून 2024 को विनय कुमार यादव मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 13 एच 8746 कीमती 20000 रुपए को लेकर अपने ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बसना आया, कैंपस में खड़ा कर अपने ड्यूटी में चला गया इसके 2 घंटे बाद जब बाहर निकला तो देखा कि मोटर सायकल जहां पर खड़ा किया था, वहा नहीं था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# जमीन विवाद : बाप-बेटे ने सौतेले भाई पर किया प्राणघातक हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

ग्राम बछेरा में जमीन विवाद को लेकर बाप और बेटे ने मिलकर अपने सौतेले भाई पर प्राणघात हमला किया। पीड़ित ने जब अपना बचाव किया तो आरोपियों ने उसके पैर पर तलवार से ताबड़तोड़ वार किया, जहां युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को तालाब में फेंक दिया। इस बीच वहां मौजूद ग्रामीणों ने घायल को बाहर निकाल उसके घर पहुंचा। परिजनों ने घायल को तत्काल शहर के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार ▶▶ शेष पेज 11 पर

## अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी कई मांगें



भाटापारा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी सामुदायिक भवन के उद्घाटन एवं रानी दुर्गावती शहाद दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिवक्ता संघ भाटापारा द्वारा नये कोर्ट बिल्डिंग निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराकर जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने, निर्मित जेल भवन प्रारंभ कराने, अपर कलेक्टर के कोर्ट को भाटापारा में निर्मित भवन में प्रकरणों की नियमित सुनवाई प्रारंभ किए जाने एवं अधिवक्ता आवास कॉलोनी के लिए भूमि आवंटन किये जाने के लिए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, सचिव सुरेश यदु, न्याजी खान ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सब्जी मंडी के बेतरतीब दुकानों पर नगर पालिका का चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खबर का असर



- नगर पालिका ने अस्थायी रूप से सब्जी विक्रेताओं को किया व्यवस्थित

नगर पालिका परिषद द्वारा सब्जी मण्डी में फैले बेतरतीब अतिक्रमण सब्जी का फूटकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए दुकानों को व्यवस्थित करने बड़े स्तर पर मुहीम चलाते हुए बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, अति. तहसीलदार प्रियंका तिवारी देवांगन व पुलिस विभाग की उपस्थिति में सब्जी मण्डी में खाली चबुतरों पर सब्जी दुकानदारों को व्यवस्थित किया गया। वहीं शासन की योजनांतर्गत निर्मित पौनी पसारी के चबुतरा, दुकानों में दुकानों से भी अतिक्रमण हटाया गया व अस्थायी रूप से टोकरी, झाड़ू, सूपा, मटकी सहित कुछ अन्य सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थापित किया गया। सब्जी विक्रय हेतु पूर्व में खाली पड़े चबुतरों सहित नवनिर्मित 40 चबुतरा में बाजार की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित होने के साथ ही लोगों का धंधा चलते रहे इसके लिए फूटकर सब्जी धंधा करने वालों को व्यापार व्यवसाय करने हेतु अस्थायी रूप से सब्जी चबुतरा में जगह दी गई। अतिक्रमण हटाव अभियान के दौरान अस्थायी रूप से अतिक्रमण किये अस्थायी बास–बल्ली व त्रिपाल को जेसीबी से तोड़ा गया व कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा लगाये गये तखत की जब्ती बनाई गई। ज्ञात हो कि पूर्व में आबंटित किये गये चबुतरा में कुछ लोगों द्वारा दुकान नहीं लगाया जा रहा था, वे खाली पड़े थे जहां ▶▶ शेष पेज 11 पर

### महीने से बंद सिग्नल शुरू

शहर के गार्डन चौक में स्थापित सिग्नल लंबे समय से बंद था। शहरवासी इस सिग्नल को दुरुस्थ कर शुरू करने लंबे से मांग कर रहे थे। इसके बावजूद भी यातायाता विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था, लेकिन सोमवार को यातायाता विभाग ने इस सिग्नल को ठीक कराया और इस चौक से यातायात व्यवस्था सुगम की। इस पहल के लिए शहरवासियों ने यातायात विभाग की प्रशंसा की।

## सीईओ और बीईओ से गिनाई समस्या, सीईओ ने स्कूल भवन के लिए वन विभाग से बात की

# स्कूल भवन जर्जर, ग्रामीण पहुंचे बीईओ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था इतनी खस्ताहाल है कि पहली बारिश में शिक्षा विभाग की पोल खुल गई। विकासखंड कसडोल में अगर स्कूलों का निरीक्षण किया जाए तो वनांचल क्षेत्रों के दर्जनभर से ज्यादा स्कूल बद से बत्तर है। अधिकांश स्कूल एकल शिक्षक या जर्जर हो गए। बरसात के समय आते ही स्कूलों की छतों से पानी सीपेज आना प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में बच्चे स्कूलों में जान जोखिम में डाल पढ़ाई कर रहे हैं। ग्राम की ईश्वरी ठाकुर ने हरिभूमि से कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण वनांचल के ग्रामों में अधिकारी मामले में संज्ञान नहीं ले रहे हैं। हमारे बच्चें पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। स्कूल भवन बद से बत्तर है। ऐसे में हमारे बच्चों की पढ़ाई गर्त में जा रही है, जिसकी समस्या हमारे द्वारा जनपद सीईओ को दी गई है। इसके बाद सीईओ ने जल्द ▶▶ शेष पेज 11 पर



### स्कूल प्रारंभः समस्या जस की तस

विदित हो कि अभी स्कूल खुले सप्ताह भर नहीं हुआ और स्कूलों की समस्या अभी से शुरू हो गई है, लेकिन विभागीय अधिकारियों को बच्चों के भविष्य को लेकर कोई चिंता नहीं है। अगर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जरा सी भी परवाह होती तो आज ग्रामीणों को जनपद या विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय कूच नहीं करना पड़ता। सोमवार को जनपद कार्यालय पहुंचे विकासखंड कसडोल के ग्राम बफरा के ग्रामीणों ने कहा कि 3 वर्षों से प्राथमिक ▶▶ शेष पेज 11 पर



### उच्च स्तर पर सूचित किया गया है

स्कूल भवन की मांग को लेकर ग्राम बफरा के ग्रामीण मुझसे मुलाकात किये हैं। पहले से ही उच्च कार्यालय को सूचित किया जा चुका है। प्रधान पाठक कक्ष में कक्षा लगायी जा रही हैं, वहां पदस्थ शिक्षक का प्रमोशन होने के कारण स्कूल में एक शिक्षक का व्यवस्था की गई है, जल्द ही निराकरण किया जायेगा।

-**रमाकांत देवांगन**, बीईओ, कसडोल

### जल्द समाधान होगा

बच्चों के लिए स्कूल भवन जर्जर होना बड़ी समस्या है, ग्राम बफर के ग्रामीण पहुंचे थे जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

-**हिमांशु वर्मा**, सीईओ, जनपद पंचायत, कसडोल

### गांजा तस्करी करते 2 बंदी

महासमुंद। कोमाखान पुलिस ने दो लोगों से 3 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 30 जून को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 04 एम एम 7197 को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में बाइक चालक ने चिंडामुरा जिला बलांगीर ओड़िशा हाल मुकाम शहीद राजीव पांडेय नगर रायपुर निवासी टिमोथी जाल व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता चिंडामुरा थाना सिधेकेला पो. भूरसागुड़ा जिला बलांगीर ओड़िशा निवासी सुरेंद्र छुरा (38) बताया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# स्टेशन के कैंटीन के किचन में लगी आग, बाहरी हिस्सा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे आगजनी के मामले को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे जोन से लेकर मंडल तक सभी वर्ग के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि जब भी आगजनी की घटना हो, तत्काल समय रहते उस पर काबू पाया जा सके, लेकिन रेलवे के इस प्रयास से रायपुर मंडल में अभी तक कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है।

बीते चार महीने में रेलवे स्टेशन में 3 बार आग लगने घटना सामने आ चुकी है। इसमें एक को छोड़कर बाकी सभी मामलों में आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड की मदद ली गई। शुरुआती आग को काबू पाने के लिए रेलवे से जुड़ा कोई कर्मचारी अग्निशमन यंत्र लेकर नहीं पहुंचा, जबकि टीटीई से लेकर वाणिज्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

रविवार को भी आईआरसीटीसी के कैंटीन किचन में लगी आग लग गई, जिससे किचन के 40 फीसदी बाहरी हिस्सा जलकर खाक हो गया है। जानकारी के मुताबिक, कैंटीन के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र की मदद से आग बुझाई। किचन में खाना बनाते वक्त आग लगने का कारण बताया जा रहा है। जिस वक्त आग लगी, कैंटीन में यात्री खाना खा रहे थे। आग की लपटें बढ़ते देख यात्री कैंटीन से प्लेटफार्म की ओर भागे। मौके पर पहुंची आरपीएफ और जीआरपी ने मोर्चा संभाला तथा आग पर काबू पाया।

**खास बातें**

- चार माह में तीन बार आगजनी से रेलवे को हजारों का नुकसान, एक बार ही अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल
- गत 5 मई को स्टेशन के वेटिंग हॉल में शार्ट सर्किट से लगी थी आग



### रेलवे ने कहा- कुकिंग स्टाफ की लापरवाही

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर आरआर के किचन रूम में दोपहर लगभग 3.10 बजे आग लगने की घटना हुई। प्रथम दृष्टया आग कुकिंग स्टाफ की लापरवाही के कारण लगी। आग फ्राइंग पैन में तेल से लगी और लापरवाही के कारण चिमनी के एग्जॉस्ट डक्ट के माध्यम से स्टेशन बिल्डिंग के बाहर फैल गई। स्टेशन और आरआर स्टाफ ने अग्निशामक यंत्र का उपयोग करके 20 मिनट में ही आग पर काबू पा लिया। कोई भी मानवीय क्षति नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप



### मोवा के बड़े तालाब किनारे पौधारोपण

**रायपुर।** प्रगति ग्रीन संस्था द्वारा कुल 251 पेड़ लगाए जाने एवं उन्हें संरक्षित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत इस सत्र का प्रथम पौधारोपण मोवा स्थित बड़े तालाब में रविवार को किया गया, जहां कुल 21 नग पौधे लगाए गए। संस्था द्वारा विगत 6 वर्षों से पौधारोपण किया जा रहा है तथा अब तक करीब 5 हजार से ऊपर लगाए गए पौधों ने वृक्षों का रूप ले लिया है। संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय साहू, संदीप सिंघानिया, सुरेंद्र पटले, पिंटू जंघेल, असीम शर्मा, अनिल पटेल, अभिषेक सक्सेना, दीपेश बघेल, अरविंद वर्मा, प्रकाश राठौर, नीलेश सोनी एवं स्थानीय क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नए कानून से न्याय की नई उम्मीदें

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून से देश की जनता को नई उम्मीदें हैं। भारतीय न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने से न्याय व्यवस्था को नई चुनौती का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज से तीन नए आपराधिक कानून देशभर में लागू हो जाएंगे। ब्रिटिश काल में लगभग 160 साल पहले बने कानून आईपीसी भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और आईईए भारतीय साक्ष्य अधिनियम अब बदलकर बीएनएस भारतीय न्याय संहिता, बीएनएसएस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और बीएसए भारतीय साक्ष्य अधिनियम हो जाएगा। नए कानून में कड़े प्रावधान के साथ कठोर सजा की व्यवस्था की गई है, पहली बार बीएनएस की धारा 111 में संगठित अपराध, धारा 113 में आतंकवाद, धारा 304 में झपटमारी की परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को हटाकर देशद्रोह जोड़ा गया।

### सभी नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट के निर्देश



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में वित्तीय अनुशासन में कसावट लाने सभी आय एवं व्यय के प्री-ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा ऑडिट प्रक्रिया बंद कर दिए जाने के कारण ऑडिट से रह गए विगत चार वर्षों की नस्तियों के पोस्ट ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों के साथ ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण यानी सूडा का भी ऑडिट कराने कहा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय निकायों में कड़े वित्तीय अनुशासन के लिए प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर सभी 184 नगरीय निकायों तथा दो राज्य कार्यालयों, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ और सूडा को भी प्री-अंकेक्षण-सह-आंतरिक अंकेक्षण एवं वैधानिक दायित्व के परिपालन के दायरे में लाते हुए सूडा द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

### जैन दादाबाड़ी में 750 दिव्यांगों को मिली खुशी, संस्था के कार्यों को सीएम ने सराहा

# कृत्रिम अंग पहनकर बढ़ी आस, दिव्यांगों ने की परेड, फुटबॉल-बैडमिंटन भी खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले से 750 दिव्यांग परिजनों के साथ पहुंचे। इससे जैन दादाबाड़ी में उत्साह का माहौल दिनभर रहा। संस्थान ने निशुल्क शिविर में दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और कैलिपर्स लगाकर रुकी हुई जिंदगी को फिर से हौसले की उड़ान दी गई। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। कृत्रिम अंग पहनने के बाद कई दिव्यांगों ने परेड की तो कुछ ने फुटबॉल खेलने का प्रयास किया।

#### संस्था के प्रति जताया आभार

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संस्था राजस्थान से चलकर प्रदेश के दिव्यांगों का जीवन संवारने की भावना से आई है। इनका मैं अभिनंदन करता हूं। संस्थान को रायपुर में केंद्र संचालन के लिए सरकार की ओर से हर तरह से मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से आए दिव्यांगों से मिले और उनसे बात की। इस दौरान सीएम के मीडिया सलाहकार पंकज झा, समाजसेवी मीरा और संजना भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया।







#### हौसले देख खुश हुए परिजन

संस्था के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, मीडिया प्रभारी भगवान प्रसाद गौड़ ने अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा से स्वागत किया। साथ ही एक मुट्ठी आटे से शुरू हुई संस्था से जुड़ी अब तक की सेवाओं के बारे में अतिथियों को बताया। 17 मार्च को रायपुर में कैंप किया गया था, जिसमें 1200 से ज्यादा पीड़ित आए थे। इनमें से 756 दिव्यांगों को नारायण लिम्ब व कैलिपर्स के लिए चयनित किया गया। आज उन्हें नई जिंदगी मिल रही है। समारोह में कृत्रिम अंग पहनकर दिव्यांगों ने परेड की, फुटबॉल और बैडमिंटन भी खेला। इन दिव्यांगों के हौसले और जज्बे को देखकर परिजन भी खुश नजर आए।

## भावी शिक्षकों से पूछे मानसून और धन व वित्त विधेयक में समानता से संबंधित सवाल



**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को दो पालियों में बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। शिक्षक भर्ती नियमों में बदलाव के कारण इस बार बीएड से अधिक आवेदन डीएलएड के लिए मिले थे। प्री बीएड के लिए 2 लाख 53 हजार 649 कैंडिडेट ने आवेदन किया था। इनमें से 62.30 प्रतिशत अभ्यर्थी ने परीक्षा दिलाई। इसी तरह से प्री डीएलएड के लिए 3 लाख 5 हजार 629 ने फॉर्म भरा था। इनमें से 64.60 प्रतिशत ने परीक्षा दिलाई। आवेदन संख्या को देखते हुए प्रदेश के 32 जिलों में केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 58 तथा डीएलएड के लिए 51 केंद्र बनाए गए थे। रायपुर में बीएड के लिए 24 हजार 379 तथा डीएलएड के लिए 22 हजार 132 ने पंजीयन कराया था। राजधानी में बीएड में उपस्थिति प्रतिशत 59.1 तथा डीएलएड में उपस्थिति प्रतिशत 58.1 रहा। खबर लिखे जाने तक किसी तरह का नकल प्रकरण अथवा गड़बड़ी व्यापम के संज्ञान में नहीं आया था।

#### यूनेस्को रिपोर्ट से जुड़े प्रश्न भी

पहली पाली में बीएड की परीक्षा हुई। इसमें गणित तथा एप्टिट्यूड के सवाल उलझाने वाले रहे। बीएड परीक्षार्थियों से बाल गंगाधर के जेल जाने के वर्ष, राष्ट्रीय जलमार्ग, धन व वित्त विधेयक में समानता, विभिन्न समाचार पत्र के नाम व उनके संपादक, भारतीय मानसून से जुड़े कथन, आरटीई, करेवा, रचनात्मक आकलन, यूनेस्को रिपोर्ट के अनुसार सीखने के चरण, शिक्षा मनोविज्ञान तथा इससे जुड़े विविध तरह के सवाल पूछे गए।

## भाठागांव में रिंगरोड के दोनों तरफ बने नाले कई जगहों से धंसे, बारिश में बढ़ेगी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाठागांव से मठपुरैना तक रिंगरोड नंबर-1 के दोनों तरफ बना लंबा सीमेंटेड नाला कई जगह से धंस गया है। साथ ही नाला निर्माण की गुणवत्ता की पोल भी खुल गई। बताया जा रहा है कि इन दोनों नालों को बने कुछ साल ही हुए हैं, लेकिन जबसे बने हैं, तब से कई बार नाले कई जगह से धंस चुके हैं। इस कारण इन नालों की बार-बार मरम्मत करानी पड़ती है।

सूत्रों के अनुसार भाठागांव बस स्टैंड बनने के बाद रिंगरोड और सर्विस रोड के दोनों तरफ भाठागांव से लेकर मठपुरैना तक बड़े दो नाले बनाए गए हैं। इन नालों का निर्माण बारिश के दिनों में रिंगरोड और सर्विस रोड में भरने वाले पानी की निकासी के लिए किया गया है। इन नालों के बनने के बाद से बारिश का पानी सड़कों से सीधे नालों में चला जाता है, जिससे सड़क में पानी का भराव या जमाव नहीं होता। इन नालों का निर्माण होने से बारिश के पानी के भराव से तो छुटकारा मिल गया, लेकिन नालों के घटिया निर्माण के कारण बारिश के पहले ही ये नाले जगह-जगह से धंस जाते हैं। इसके कारण इन नालों की हर बार मरम्मत करानी पड़ती है। बारिश का सीजन अभी शुरू ही हुआ है और इससे पहले ही दोनों नाले कई जगह से धंस चुके हैं।

- गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते धंस रहे नाले

#### मरम्मत में देर, बारिश में बढ़ेगी दिक्कत

अनेकों जगह से धंस चुके इन दोनों नालों की मरम्मत का काम काफी धीमा चल रहा है। इसके कारण बारिश के दिनों में यहां परेशानी बढ़ सकती है। रिंगरोड पार करने के लिए कई लोग इन खुले नालों के ऊपर से गुजरते हैं। इसके अलावा आवारा जानवर भी नाला पार कर रोड क्रॉस करते हैं, जिसके कारण नालों में गिरकर कोई भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है।

## कामता में बड़ी संख्या में रोपे गए पौधे...

**सिमगा।** नगर के अंतर्गत ग्राम कामता में पर्यावरण बचाओ वृक्ष लगाओ अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत अमृत सरोवर के तालाब पार में सोमवार को तहसीलदार नीलमणी दुबे, जनपद सीईओ अमित दुबे, जिला बलौदाबाजार पटवारी संघ के अध्यक्ष राजीव तिवारी, राजस्व निरीक्षक कुमार गौरव अग्रवाल ग्राम पंचायत सरपंच गंगोत्री सियाराम राकेश एवं समस्त पटवारी तथा कोटवार द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।



## चौकीदार मनोहर यादव सेवानिवृत्त हुए



**बंगोली।** अनुविभागीय कार्यालय बंगोली में पदस्थ चौकीदार मनोहर लाल यादव 1 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। यादव के विदाई कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी एमपी वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी एलएन केंवट, सहायक अभियंता डी आर भारद्वाज, अनुविभागीय लिपिकएस के टेम्बेकर, अमीन रूपेश कुमार वर्मा, सिंचाई निरीक्षक सेवानिवृत्त डीएल वैष्णव, अमीन कुणाल साहू, अनुविभागीय कर्मचारियों में सुदर्शन वर्मा, नरसिंह साहू, नागेंद्र वर्मा, खोडस धीवर, दीना निर्मलकर, प्रेमलाल वर्मा उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त चौकीदार मनोहर लाल यादव को नम आखों से विदाई दी।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सीएम साय ने रायपुर में सुना



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को राजधानी रायपुर के शांतिनगर स्थित स्वदेशी भवन पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कर नई जानकारियां साझा करते हैं। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री ने केरल की अट्टापड़ी गांव की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे मारथुंबी छाते का जिक्र करते हुए कहा, उनके छाते को एक ब्रांड मिल गया है तथा उनके उत्पाद में बढ़ोतरी हो गई है। आज हमारे देश में श्री मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में विशेष अवसर प्रदान हो रहे हैं, जिससे खिलाड़ी देश और विदेश में परचम लहरा रहे हैं।

## सोरेन के बयान पर बिफरे सीएम साय ने कहा- आदिवासी समाज का अपमान न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उस बयान पर आड़े हाथों लिया है, जिसमें उसने भाजपा शासित राज्यों के आदिवासी मुख्यमंत्रियों को रबर स्टाम्प बताया है। इस बयान पर बिफरे सीएम श्री साय ने पलटवार करते हुए सोरेन परिवार को जनता को लूटकर गाढ़ी कमाई करने वाला परिवार कहा है। श्री साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि देशभर में जिस तरह से भाजपा सक्षम आदिवासी नेतृत्व दे रही है, ऐसा इससे पहले कभी नहीं था। ऐसे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदिवासी मुख्यमंत्रियों के बारे में अनर्गल प्रलाप निंदनीय है। यह देशभर के आदिवासी और पिछड़े समाज का अपमान है।

- सोरेन परिवार ने जीवनभर अपने कृत्यों से आदिवासी समाज को बदनाम किया

जीवनभर अपने कृत्यों से सोरेन परिवार जिस तरह आदिवासी समाज को बदनाम करता रहा है, वह भी निंदनीय है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर अपनी तिजोरी भरने वाले सोरेन और उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता सबक सिखाने का मन बना चुकी है। यही कारण है कि अब वे समाज के प्रति ही अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू हो गए हैं। सोरेन परिवार के रिश्वत कांड को भी अभी तक जनता भूली नहीं है।



#### अंतिम फैसला बाकी

मुख्यमंत्री ने कहा, श्री सोरेन को यह समझ लेना चाहिए कि महज जमानत मिल जाना अपराध मुक्ति का सर्टिफिकेट नहीं होता है। अंतिम फैसला अभी बाकी है। दरअसल आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और युवाओं के बीच भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से इंडी गठबंधन घबराया हुआ है। इसी कारण ऐसी बयानबाजी हो रही है। समाज को अपमानित करने वाले किसी भी बयान को जनता सहन नहीं करेगी और इसका माकूल जवाब देगी।

## जांच में लापरवाही, 14 विवेचकों को आईजी का शो-कॉज नोटिस

**रायपुर।** दोषमुक्त प्रकरणों की रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने रविवार को समीक्षा बैठक बुलाई। दिनभर चली बैठक में धमतरी तथा गरियाबंद जिले के दोषमुक्त प्रकरणों की आईजी ने समीक्षा की। एनडीपीएस, पॉक्सो, यूएपीए, हत्या, आईटी एक्ट के 14 प्रकरणों की जांच में गंभीर लापरवाही बरतने वाले विवेचकों को आईजी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आईजी द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में गरियाबंद डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय, डिप्टी डायरेक्टर पूर्णिमा तिवारी, दिनेश गिरी, प्रभारी उप संचालक हिना यास्मीन खान, जिला अभियोजन अधिकारी शीतल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। आईजी के अनुसार किसी भी अपराध की जांच के दौरान कई ऐसे मामले आते हैं, जिसमें पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्य कोर्ट में बेहद अहम होते हैं। ऐसे में अगर विवेचना अधिकारी लापरवाही करता है तो इसका सीधा फायदा कोर्ट से आरोपी को मिलता है। जिस वजह से वह मामले में आसानी से दोषमुक्त हो जाता है। विवेचकों के लिए आईजी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि जांच में विवेचकों द्वारा किसी भी तरह से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- समीक्षा बैठक में आईजी ने धमतरी, गरियाबंद जिले के विवेचकों को जारी किया



## खबर संक्षेप



### पौधारोपण से ही संतुलित हो सकता है वातावरण

**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी के साहू एवं पांडे परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे रोपित किए गए। दोनों परिवारों के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी लगाई जाएगी। अरुण पांडे ने बताया कि पौधारोपण से ही वातावरण को संतुलित किया जा सकता है। इस अवसर पर भास्कर साहू, अरुण पांडे एवं परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### महतारी वंदन की पांचवीं किस्त आज

**रायपुर।** प्रदेश की साय सरकार 70 लाख से ज्यादा विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन की पांचवीं किस्त सोमवार को जारी करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया, महतारी वंदन योजना की पांचवी किस्त आज जारी की जाएगी।
उल्लेखनीय है, इस योजना में महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद सरकार अपने वादे के मुताबिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह पैसे दे रही है। हर माह प्रदेश सरकार सीधे महिलाओं के बैंक खातों में पैसे भेज रही है।

### आमानाका ब्रिज के नीचे बनेगा वेंडिंग जोन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की सड़कों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में अब आमानाका ओवरब्रिज के नीचे कब्जों को हटाकर वहां वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे के नीचे संकरी सड़क के कारण यहां आए दिन जाम की स्थिति बनती है। इसे देखते हुए इस सड़क का भी चौड़ीकरण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को निगम के अन्य अधिकारियों के साथ शहर के कुछ इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पहले आमानाका ओवरब्रिज पहुंचे, जहां ब्रिज के नीचे अवैध कब्जों को तत्काल हटाने के साथ ही वहां वेंडिंग जोन बनाने के लिए कहा है। आयुक्त ने तेलीबांधा क्षेत्र का भी जायजा किया। इस दौरान उन्होंने एक्सप्रेस-वे के नीचे सड़क पर आए दिन ट्रैफिक समस्या को देखते हुए इस सड़क के चौड़ीकरण का जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। सड़क चौड़ीकरण के बाद इस सड़क पर ट्रैफिक की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।
निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्वल पोरवार, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएपी की कमी, बता रहे दूसरी खाद का विकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी के सीजन में खाद-बीज की मांग तेज होने के साथ ही इसकी कमी की जानकारी भी सामने आती रहती है। दूसरी ओर सहकारिता क्षेत्र से लगातार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार भी गंभीर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधिकारियों के निर्देश दे चुके हैं कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन मार्कफेड द्वारा जारी एक पत्र से ये सामने आई है कि खाद की कमी है। यही नहीं, किसान डीएपी 18:46 खाद की मांग कर रहे हैं तो उन्हें दूसरा विकल्प बताया जा रहा है। मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नवापारा शाखा को एक पत्र भेजा है। यह पत्र अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसायटियों में किसानों की जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। पत्र में कहा गया है कि नवापारा शाखा के लिए 200 मीट्रिक टन डीपीए खाद की मांग की गई। खरीफ वर्ष 2024 में डीएपी 18:46 की कमी की संभावना को देखते हुए विकल्प के रूप में एसएसपी एवं एनपीके उर्वरक का उपयोग किया जाना है।

# महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट, दाम 80 से 100 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

बारिश का सीजन शुरू होने के साथ सब्जियों के भाव ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। फूलगोभी, टमाटर, शिमला मिर्च, बरबट्टी, करेला, भिंडी से लेकर हरा धनिया, अदरक समेत अन्य सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। इस कारण रसोई का बजट तो बिगड़ा ही है, साथ ही थाली में परोसी जाने वाली कई सब्जियां भी गायब हो गई हैं। महंगी होने के कारण आम लोग कई सब्जियां खरीदना ही बंद कर दिए हैं।

डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पहले भीषण गर्मी के कारण मंडी में सब्जियों की आवक कम हो गई थी और अब बारिश के कारण सब्जियां नहीं आ रही हैं। मंडी इन दिनों बमुश्किल से 20-25 प्रतिशत सब्जियों की आवक है। इसके कारण सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के कारण सब्जियों की पैदावर कम हो गई थी। बारिश शुरू होने के साथ सब्जियों की खेती शुरू हो गई है, लेकिन फसलें आने में अभी एक से डेढ़ महीना लगेगा। तब तक मंडी में सब्जियों की आवक कम रहेगी। इस सीजन में कभी अत्यधिक बारिश के कारण फसलें खराब हो जाती हैं तो कभी बारिश ही ट्रांसपोर्टिंग में बाधा बन जाती है।

## आलू-प्याज, टमाटर समेत अन्य सब्जियों की कीमत में तेजी

### क्वालिटी भी सही नहीं

महंगी होने के साथ इन दिनों सब्जियों की क्वालिटी भी सही नहीं आ रही है। इस कारण सब्जियों की डिमांड भी कम हो गई है। ज्यादातर लोग ऐसी ही सब्जियां खरीदना पसंद कर रहे हैं, जिनकी क्वालिटी सही है। हालांकि सही क्वालिटी वाली सब्जियों के भाव ज्यादा हैं।



सब्जियों के भाव

| | थोक | चिल्हर |
|---|---|---|
| टमाटर | 30-35 | 60-80 |
| बरबट्टी | 50-55 | 80 |
| मुनगा | 45-50 | 60-80 |
| करेला | 45-50 | 80 |
| शिमला मिर्च | 40-45 | 70-80 |
| हरा धनिया | 120-140 | 160-180 |
| लौकी | 25-30 | 40 |
| पत्तागोभी | 20-25 | 40 |
| कल्याणीभाटा | 22-25 | 40-60 |
| ढेस | 45-55 | 100-120 |
| कटहल | 22-25 | 40 |
| कोचई | 30-35 | 50-60 |
| तोरई | 25-30 | 50-60 |

## जीई रोड स्थित बिल्डिंग में प्रतियोगी परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर व लाइब्रेरी बनाने हुआ था सर्वे

# पार्किंग नहीं, इसलिए 60 साल पुराने बॉम्बे मार्केट को संवारने का प्लान फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बॉम्बे मार्केट को संवारने की प्लानिंग फेल हो गई है। जीई रोड के पास स्थित इस 60 साल पुरानी बिल्डिंग का पहला फ्लोर खाली पड़ा है। इसे संवारने और इसमें पीएससी सहित कई तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी युवाओं कर सकें, इसके लिए कोचिंग सेंटर शुरू करने प्लानिंग के तहत सर्वे किया गया था। इसके बाद सुविधा देने के लिए आगे प्रक्रिया नहीं की गई, क्योंकि यहां पार्किंग के लिए जगह नहीं है।

शहर के बीच पीएससी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को प्राइम लोकेशन पर कोचिंग की बेहतर सुविधा देने जिला प्रशासन ने जगह तय करने के लिए सर्वे किया। इसमें जयस्तंभ के पास स्थित आरडीए की बॉम्बे मार्केट बिल्डिंग को भी शामिल किया गया था। बिल्डिंग के पहले फ्लोर को रेनोवेट करने पर कितना खर्च होगा, किस तरह से इसे डिजाइन किया जाएगा। इन बिंदुओं पर काम शुरू होता, इसके पहले ही पार्किंग के लिए जगह नहीं होने से इस बिल्डिंग को संवारने का काम भी शुरू नहीं किया है। युवाओं को कोचिंग सेंटर की सुविधा देने की तैयारी से पहले कई साल से बिल्डिंग का पहला फ्लोर खाली पड़ा है।





### कम्यूनिटी हॉल भी नहीं बना पाए

आरडीए के सूत्रों ने बताया कि बॉम्बे मार्केट के पहले फ्लोर को कम्यूनिटी हॉल के रूप में अपग्रेड करने पहले भी प्लानिंग की गई, मगर उस समय भी पार्किंग की वजह से प्लान फेल हुआ, क्योंकि इस हॉल को बुक कराने और इसमें होने वाले आयोजन में शामिल लोगों को पार्किंग की सुविधा देना बड़ी चुनौती रहा। अब अधिकारियों को किसी ऐसी कंपनी का इंतजार है, जो खाली हॉल में ऑफिस डाले और कर्मचारियों को जयस्तंभ के पास स्थित पार्किंग में सुविधा दे।

### अभी रेनोवेशन नहीं

*बॉम्बे मार्केट को रेनोवेट करने की प्रक्रिया अभी नहीं की जाएगी। पार्किंग के लिए जगह नहीं होने से इस बिल्डिंग में कोचिंग सेंटर नहीं बनेगा। कम्यूनिटी हॉल का प्लान भी पार्किंग स्पेस नहीं होने से रोका गया है।*

*- **अनिल गुप्ता,** अधीक्षण अभियंता आरडीए, रायपुर*

### कमाई ठप नहीं होगा कायाकल्प

कबाड़ से भरे इस हाल को दोबारा उपयोगी बनाने की इसलिए भी प्राथमिकता थी, क्योंकि यह शासन का ही उपक्रम है। इस लिहाज से ही सर्वे भी कराया गया। जब अधिकारियों ने जायजा लेने के बाद सेंटर बनाने की सहमति दी। जब आने वाले युवाओं को पार्किंग की सुविधा देने का मामला सामने आया तो जगह का अभाव पाया गया। इस वजह से सेंटर बनाने की प्लानिंग को ही खारिज कर दिया गया। इसके पहले भी सेंटर के लिए तय पहला फ्लोर वीरान पड़ा था, इससे कमाई ठप है।

# लूटपाट के आरोपी एक अपचारी बालक सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलौदाबाजार में सोनपुरी रोड पुराना शराब भट्टी के पास मारपीट कर 4800 रुपए लूटकर आरोपी फरार हो गए थे। आरोपियों में 20 वर्षीय नंदु निवासी पंचशील नगर वार्ड 1 बलौदाबाजार और 19 वर्षीय भुजाल निवासी पंचशील नगर वार्ड 1 बलौदाबाजार के अलावा अपचारी बालक शामिल हैं।

मामले के संबंधमें प्रार्थी केशव राम पता पुरानी बस्ती शिव चौक बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जून को ग्राम सोनपुरी से सामान डिलवरी कर बलौदाबाजार की ओर आ रहा था दिन करीब 4 बजे सोनपुरी रोड पुराना शराब भट्ठी के पास पहुंचकर इंदिरा कालोनी मे पार्सल देने के लिये रूककर फोन लगाने लगा, उसी दौरान एक काला रंग का बजाज सीटी 100 मोटर सायकिल में तीन लड़के आये और मेरे पास रूक गए। तीनों आरोपियों द्वारा मेरे बैग में रखे पार्सल एवं छोटे बैग में रखे पैसा को लूटने लगे। जब मैने विरोध किया तो तीनों ने मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया और मेरे पास रखे कुल 4800 रु को लूटकर अपने मोटर सायकिल में वहां से भाग गये।



रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 392, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस टीम द्वारा प्रार्थी के बताए हुलिया अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट की घटना में शामिल संदिग्ध आरोपियों की धरपकड़ प्रारंभ की गई, जिसमें पंचशील नगर निवासी नंदू, भूषण एवं एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी से मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना करना स्वीकार किया गया। आरोपी से लूट का पैसा 1700 रु एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल बिना नंबर बजाज सीटी 100 को जब्त किया गया है। प्रकरण में तीनों आरोपियों को 1 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।

# उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए निःशक्तजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सरस्वती शिशु मन्दिर बलौदाबाजार में सक्षम स्थापना दिवस मनाया गया। महाकवि सुरदास, ऋषि अष्ठावक्र व मां भारती की पूजा बाद कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला अस्पताल बलौदाबाजार के अधीक्षक व सक्षम के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. राजेश अवस्थी का उद्बोधन हुआ। उन्होंने सक्षम के कार्य पद्धति व सक्षम के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्षम की जिला उपाध्यक्ष लता साहू द्वारा किया गया। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार व स्वालंबन बनाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि नया सवेरा जन कल्याण समिति की सदस्य सविता यदु ने आगामी समय में पौधारोपन कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन प्रांत चेरेवती सह प्रमुख अमित यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग जन व समाज के लिए किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाजसेवी, रक्तदाता व दिव्यांगजनों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें अनेक लोग अद्भुत कार्य से समाज के लिए उदाहरण बने, जैसे गिरजा साहू स्वयं पंडवानी गायिका है व अपने आसपास के दिव्यांगजनो के लिए समूह बनाकर बड़ी पापड़ का व्यवसाय, फिनाइल बनाने की ट्रेनिंग देकर उन्हें स्वालंबी बना रही है, जो हम सब के लिए प्रेरणादायी है। ईश्वर सेन जिनका ब्लड ग्रुप रेयर नेगेटिव है 51 वर्ष के आयु में कुछ दिन पहले रक्तदान किये, चूंकि रेयर ब्लड ग्रुप होने के कारण रक्तदान करने के बिलासपुर, विशाखापट्टनम मे जाकर रक्तदान किये हैं, जो युवा वर्ग के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के अंत मे सभी अतिथियों को एक एक पारिजात का पौधा भेंट करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर जिला महिला आयाम प्रमुख शशिप्रभा, जिला सचिव नूतन कुमार सेन, सह सचिव कोमलकांत यादव व सक्षम के अनेक सदस्य उपस्थिति थे।

## एसडीएम ने गिरौदपुरी पंचायत में लगायी संध्या चौपाल



**कसडोल।** गिरौदपुरी अनुविभागीय अधिकारी रामरतन दुबे ने ग्राम पंचायत भवन में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारियों के साथ किसानों की समस्याओं से अवगत होकर त्वरित निराकरण करने के लिए संध्या चौपाल लगाया। इस दौरान अनुभाग के तमाम विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहें। आपको बता दे कि एसडीएम दुबे ने चौपाल में कहा कि किसानों को फसल के लिए खाद सहित क्षेत्र में बिजली, स्वास्थ्य, राजस्व, पानी, स्कूल सहित किसी भी समस्या पर संबंधित विभाग त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही किसी भी तरह की दिक्कत आने पर सीधे सूचना दी जा सकती है। इस दौरान सरपंच पुनिराम पटेल, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, तहसीलदार युवराज कुर्रे, नायब तहसीलदार हमेश साहू, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, ईश्लाम खान, हल्का पटवारी कृष्ण कुमार मिरी, भरत लाल वर्मा, फागु लाल साहू सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहें।

# स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार से संस्थागत प्रसव को मिल रहा है बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधाओं के विस्तार से संस्थागत प्रसव को काफी बढ़ावा मिल रहा है। जिले में कसडोल विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटगी तथा पलारी विकासखंड के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सलोनी संस्थागत प्रसव में जिले भर में अव्वल रहा है। पिछले अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कटगी ने 120 वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 488 प्रसव कराएं हैं। वहीं सलोनी में 36 प्रसव सालाना के लक्ष्य की तुलना में एक वर्ष में 178 प्रसव हुए हैं। यह सभी प्रसव सामान्य हैं। संस्थागत प्रसव के नियम अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 10 प्रसव एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 3 प्रसव औसतन प्रतिमाह करना होता है।

- कटगी में चार और सलोनी में पांच गुना लक्ष्य से अधिक सालाना प्रसव, सभी प्रसव सामान्य

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर ने बताया की मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए संस्थागत प्रसव सरकार की प्राथमिकता है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गर्भधारण करने से लेकर प्रसव के पश्चात की सभी सेवाएं महिला को दी जाती हैं। इसमें प्रसव के बाद घर तक छोड़ने हेतु परिवहन की व्यवस्था के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना के जरिये 1400 की राशि दी जाती है। आवश्यक दवाई और जांच भी फ्री रहती है। डॉ. शशि जायसवाल नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य के अनुसार संस्थागत प्रसव कई प्रकार के संक्रमण जोखिम से बचाता है। कटगी तो राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर चुका है। पलारी बीएमओ डॉ बी एस ध्रुव के अनुसार सलोनी केंद्र में 5 ग्राम हैं, जबकि प्रसव के लिए आस–पास के धाराशिव, कैलाश गढ़ अमेठी से भी लोग आते हैं। कटगी अस्पताल में अपनी पत्नी का प्रसव करवा चुके कलमीडीह के विशाल पैकरा ने प्राप्त सुविधा से प्रसन्नता व्यक्त की। कटगी में ग्रामीण चिकित्सा सहायक रवि सेन, नर्सिंग स्टाफ में सुषमा दुबे, अन्नपूर्णा साहू, केवरा सिन्हा, प्रमिला साहू, हेमलता देवांगन जबकि सलोनी में सी एच ओ प्रियंका वर्मा सहित आर एच ओ निर्मला साहू तथा मनमोहन आर्यन अपनी सेवा दे रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### नए कानून से ...

संबोधित करते हुए देश में लागू हुए नवीन न्याय संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### ई-सूचना से

से सूचना देकर एफ आई आर दर्ज करवा सकता है, इसके लिए फरियादी को ऑनलाइन सूचना देने के तीन दिन के बाद थाना आकर आवेदन की कॉपी में हस्ताक्षर करने होंगे। कसडोल पुलिस ने बताया कि आज से देश में नवीन न्याय संहिता लागू हो गई है जिसको लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता जिसके लिए समय समय पर कसडोल पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहेगा। इसके अलावा कसडोल थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने कहा कि नए कानून से सभी लोगों को त्वरित न्याय के अलावा समय सीमा के भीतर लोगों को न्याय मिल पाएगा।

### पुलिस ने नया ...

उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है। भारतीय दंड संहिता में पूर्व में कुल 511 धाराएं थी, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं सम्मिलित की गई है। आपराधिक कानून में बदलाव के साथ ही इसमें शामिल धाराओं का क्रम भी बदला गया है। शून्य में एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने, एसएमएस या ईमेल के माध्यम से सम्मन भेजना और जघन्य अपराध की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करने जैसे प्रावधान नए कानून में अनिवार्य कर दिए गए हैं। नए कानून का मुख्य उद्देश्य अब आमजनों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करवाना है। नए कानून के तहत जिले के थाना सिमगा में प्रथम अपराध दर्ज किया गया है। 1 जुलाई को थाना सिमगा में प्रार्थी की रिपोर्ट पर नए कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 296, 351(3), 115(2), 3(5), 109 के तहत 2 आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### जमीन विवाद : ...

के बाद रायपुर रिफर किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मनभौती निवासी ग्राम बछेरा थाना सिमगा ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सोमवार को सुबह 7 बजे उसका पुत्र शिशुपाल दिशा मैदान के लिये गांव के बड़े तालाब गया था, तभी उसका पति श्रीराम 72 साल एवं उसका सौतेला पुत्र मनोज 40 साल निवासी ग्राम बछेरा द्वारा जमीन विवाद की बात को लेकर शिशुपाल को अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये दोनों ने तलवार से उसके पेट में प्राण घातक वार किया। शिशुपाल अपने आप को बचाने के लिये नीचे झुका तो उसके दाहिने हाथ के कोहनी पर चोंट लगी। इसके बाद दोनों आरोपियों द्वारा उसके दाहिने पैर को तलवार से ताबड़तोड़ वार कर उसे तालाब में फेंक दिया। जिसे गांव के ही प्रदीप द्वारा घर लाया गया। घायल शिशुपाल को ग्रामीणों की मदद से सरकारी अस्पताल सिमगा लाया गया, जहां उसे रायपुर रिफर किया गया। पुलिस ने धारा 296, 351(3), 115 (2), 3 (5), 109 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया है तथा आरोपियों की पतासाजी कर श्रीराम तथा मनोज को अभिरक्षा में लेकर न्यायालय पेश कर उपजेल बलौदाबाजार भेजा गया।

### अधिवक्ता संघ ने ...

पूर्व अध्यक्ष एवं एजीपी, नरेंद्र यदु पूर्व अध्यक्ष, आनंद शर्मा संस्कृति एवं क्रीड़ा प्रभारी एवं विजय केसरवानी अधिवक्ता, टेकराम सेन अधिवक्ता ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

### सब्जी मण्डी के ...

पर व्यवस्थापित किया गया। बाजार क्षेत्र में आवागमन सहित सड़क पर सब्जी विक्रेता के दुकान लगाये जाने से यातायात बाधित होता था व लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता था। इन सब अव्यवस्थाओं पर समय–समय में जनसामान्य द्वारा कार्रवाई की मांग की जाती रही है। इस कार्रवाई में सब्जी खरीदने आये आम नागरिकों द्वारा भी नगर पालिका की कार्यवाही पर संतोष जताया। सब्जी मण्डी में अतिक्रमण हटाये जाने की कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक मनोज कुमार कश्यप, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रसुन्न शर्मा, उपअभियंता स्वाती दुबे व कमलेश्वरी गुरुपंचायन, सहायक राजस्व निरीक्षक सतेन्द्र सिन्हा, भुवनेश्वर साहू, सुरेन्द्र सोना, गुरूदत्त तिवारी, कैलाश सोनी, किशोर यादव, प्रताप मरैया, सोनू खान सहित जल विभाग, सफाई विभाग व प्रकाश विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### स्कूल भवन जर्जर...

निराकरण की बात कही है।

**यह था मामला:** सोमवार को विकासखंड के ग्राम भिंभौरी के आश्रित ग्राम बफरा के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के जर्जर होने की समस्या को लेकर जनपद पंचायत कसडोल पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम भिभौंरी के आश्रित ग्राम बफरा के सैकड़ों ग्रामीण स्कूल जर्जर होने एवं शिक्षक की कमी की समस्या के फरियाद लेकर जनपद पंचायत कसडोल पहुंचे। जहां जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा से मुलाकात कर ग्रामीणों ने अपने गांव में होने वाली कई समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया तीन वर्षों से गांव का प्राइमरी स्कूल जर्जर हो चुका है। बरसात होने पर स्कूल की छतों से पानी सीपेज मार रहा है, जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्राइमरी स्कूल इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी पढ़ते समय बड़ा हादसा हो सकता है। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के लिए केवल एक ही शिक्षक है, वह भी व्यवस्था में है। ऐसे में एक शिक्षक एक समय में किसे पढ़ाए ऐसे में बच्चों का भविष्य गर्त में जा रहा है।

### स्कूल प्रारंभः

विद्यालय का भवन खंडहर होने के साथ सीपेज हो रहा है, लेकिन इसकी परवाह किसी को नहीं है। साथ ही एकल शिक्षकीय स्कूल होने के कारण पढ़ाई होती नहीं है। ऐसे में अगर भवन और शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो स्कूल में ताला लगाया जायेगा।

**खबर संक्षेप**



## गिधपुरी में रोपे जाएंगे पौधे

**भवानीपुर।** अंचल के ग्राम पंचायत गिधपुरी में पौधे सरपंच ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। गिधपुरी सरपंच नोहर गोस्वामी ने बताया कि हमारे गांव के खाली पड़े भूमि पर सघन पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखते हुए गड्ढे करने का कार्य प्रगति पर है, जिससे हमारे पर्यावरण और हमारे अपने को कभी ऑक्सीजन की कमी ना पड़े, इसलिए यह पहल की जा रही है।

## खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस रहेगा बाधित

**बलौदाबाजार।** खाद्य विभाग का सर्वर तीन दिवस बाधित रहेगा, किन्तु खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर विभागीय सर्वर ही बाधित रहेगा। विभागीय आनलाइन कार्रवाई राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित करने की कार्रवाई 1 से 3 जुलाई तक की जाएगी। विभाग द्वारा एसीडी सर्वर में समय–समय पर ऑनलाईन जानकारी अपडेट किया जाता है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में समस्त विभागीय ऑनलाइन कार्यवाही (खाद्यान्न वितरण पोर्टल को छोड़कर) राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। एसडीसी सर्वर में समय–समय पर दर्ज किया जा रहा है, समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किया जाता है।

## ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के छुईपाली टोल प्लाजा के पास ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम घरघोड़ा जिला रायगढ़ निवासी कैलाश कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि सुबह करीबन 6 बजे वह अपनी कार टाटा नेक्सॉन क्र. सीजी 13 एएच 6255 में अपने भतीजा रविशंकर पटेल के साथ सारंगढ़ से अपने रिश्तेदार के घर बागबाहरा जाने के लिए निकला था, वाहन को कैलाश चला रहा था।

## जेठ ने की महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला और उसकी बेटी के साथ जेठ द्वारा गाली गलौज, मारपीट किए जाने के मामले में कोमाखान थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को जमुना पटेल पति पंचराम पटेल निवासी ग्राम खुर्सीपार ने बताया कि 30 जून को मैं अपने घर में सोई थी, तभी जेठ संतराम पटेल करीबन दोपहर 02 बजे मेरे घर के सामने गली में आकर कहने लगा कि तुम लोग मेरी पत्नी को भगाए हो, भगाने में तुम्हारा हाथ है कहकर मेरे साथ गाली गलौज कर रहा था। जब मैने घर से निकल कर गाली देने से मना किया तो हाथ में रखे डंडे से मेरे बाएं हाथ की कोहनी में मारपीट किया।

# पहल संस्था ने महिलाओं को लीडरशिप के लिए दिया प्रशिक्षण

## एक महिला लीडर में कौन-कौन से गुण होने चाहिए की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पहल समाज सेवी संस्था ग्राम भारूवाडीह खुर्द, विकासखंड तिल्दा द्वारा भारतीय प्रतिष्ठान नई दिल्ली भारत के साथ मिलकर खरोरा क्षेत्र के 10 पंचायत एवं उसके 5 ग्राम में अंकुरण कार्यक्रम का संचालन विगत वर्ष से किया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में चेतना संघ अध्यक्ष मुन्ना नारंग उपस्थित थे। वहीं पंचायत मोदी के सरपंच धरेंद्र ध्रुव, सचिव रोहित कुमार साहू, पंच छन्नू निषाद द्वारा प्रतिभागियों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अंकुरण कार्यक्रम कोर्डिनेटर कल्याणी टंडन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुए महिलाओं के नेतृत्व विकास एवं क्षमता वर्धन के संबंध में विस्तार पूर्वक ढंग से जानकारी दी गई।इस तरह से मुन्ना नारंग द्वारा एक महिला लीडर में कौन–कौन से गुण होने चाहिए सके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके बाद अंकुरण कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर कल्याणी टंडन द्वारा महिला पालकों को बच्चों के लिए गुड टच और बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात पहल संस्था के डायरेक्टर प्रीति पुरेना द्वारा सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षक एवं अतिथिगणों को धन्यवाद देते हुए शाम 4 बजे इस प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया।



### 53 महिलाएं प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहीं

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण करना, पंचायती राज ग्राम सभा सशक्तिकरण, दलित सशक्तिकरण करना, छत्तीसगढ़ के कला एवं संस्कृति का संरक्षण करना, बहुजन समाज में जन्में संत महात्माओं के जीवन दर्शन का प्रचार प्रसार करना तथा दिव्यांगों के लिए समाज में सहज वातावरण निर्माण करना एवं विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पंचायत मोहंदी के पंचायत भवन में एक दिवसीय महिला मुखियाओं के नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्षेत्र के समूहों से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष तथा सदस्य कुल 53 महिलाएं प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहीं।

## आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की गिनाई उपलब्धि

# प्रधानमंत्री आदिवासियों का रखते हैं विशेष ध्यान

## बरसात के सीजन में हर कोई अपने माता-पिता के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाये

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

कृषि उपज मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, लच्छुराम कश्यप, पिंकी ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा, सनम जांगड़े व आदिवासी समाज के नेताओं की उपस्थित में विशाल आमसभा का आयोजन रखा गया। इसमें सुरकी रोड स्थित नवनिर्मित आदिवासी समाज भवन वर्चुअल उदघाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा 10वीं व 12वीं कक्षा के मेरिट स्तर पर उतीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आदिवासी समाज द्वारा गजमाला से स्वागत और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा भाटापारा नगर में भव्य स्वागत किये जाने पर आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज का उल्लेखनीय गतिविधियों व ऐतिहासिक महापुरुषों की गाथाओं का वर्णन किया।




### विधायक बनाये या ना बनाये क्षेत्र की लड़ाई लड़ने वाला शिवरतन : बृजमोहन

नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हजारों लोगों की उपस्थिति में कहा की आप शिवरतन शर्मा को विधायक बनाये या ना बनाये आपके क्षेत्र की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई है तो वह है शिवरतन शर्मा। उन्होंने कहा की पूर्व में शिवरतन शर्मा के विधायकी कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक विकास कार्य हुये हैं और आगे भी क्षेत्र के विकास कार्यों के लिये शासन से जद्दोजहद कर रहे है। नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा क्षेत्र की जनता का आभार जताया, जिन्होंने उन्हें 23 हजार अधिक मतों से विजयी बनाकर अपना जनादेश दिया। उन्होंने कहा की उच्च नेतृत्व प्रदान कर नरेन्द्र मोदी सरकार ने आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया, केन्द्र सरकार से राज्य व संसदीय क्षेत्र के विकास व लाभ के लिए केन्द्र शासन की हर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके, इसका विशेष प्रयास करते रहेंगे।

### नशा के आगोश में भटकती युवा पीढ़ी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभा को संबोधित कर चिंता जताते हुए कहा की आज की युवा पीढ़ी नशे के आगोश में भटकते जा रही है, जो चिंता का विषय है, जिसके लिये उनके पालकों को उनकी ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं बेटियां सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर कुल का नाम रोशन कर रही है, जो भी किसी भी क्षेत्र में अच्छे कार्य करते हैं तो उन्हें पुरस्कृत करना आवश्यक है, जबकि बेटी हमेशा दो कुलों का यश बढ़ाती है।

### गुर्रा से जोगीदीव्ह मार्ग के लिए 1 करोड़ 3 लाख स्वीकृत

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के विशेष मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुर्रा से जोगीदीव्ह मार्ग निर्माण के लिए 1 करोड़ 3 लाख की स्वीकृति दी। वहीं आदिवासी समाज के आहाता निर्माण हेतु 22 लाख व तरेंगा से दोरेंगा धरसा मार्ग तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दी।

### शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को मिलता रहे : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके इसके लिये सायं सरकार को कृतसंकल्पित बताया। उन्होंने बताया की शासन द्वारा हर माह के 1 तारीख को महतारी वंदन योजना के तहत खाते में 1000 रुपये डाले जा रहे हैं। रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या दर्शन कराया जा रहा है। ऐसे अनेक वादा व घोषणा है जिसे बीजेपी सरकार पूरा करेगी।

### पर्यावरण की रक्षा अतिअवश्यक

प्राण वायु दायिनी पर्यावरण की रक्षा व सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। इस हेतु इस बरसात के सीजन में हर किसी को अपने माता पिता के नाम से एक पेड़ अवश्य लगाना चहिये, जिससे पर्यावरण को संतुलित कर उसकी रक्षा की जा सके।

### नरेन्द्र मोदी ने रखा आदिवासियों का विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा की बीजेपी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासियों का विशेष ध्यान रखा है, जिसके परिणाम स्वरूप देश की महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मु है। वहीं छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी मुख्यमंत्री है। आदिवासियों के हित व विकास के लिये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपयी के कार्यकाल में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन हुआ और आगे भी आदिवासी समाज के विकास हेतु हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा की समाज को संगठित करने से देश भी संगठित होता है।

# कोरासी में हुआ सास-बहू सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरासी में सास बहू सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें गांव से 40 जोड़ी सास और बहुएं शामिल हुईं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अंनत ने बताया की इस वर्ष भी 27 जून से 10 जुलाई एवं 11 से 24 जुलाई तक कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के महत्त्व के बारे में पुरुष नसबंदी जागरूकता करना व पुरुषों की सभागिता को बढ़ाना, जगरूक करना विगत 10 वर्ष से कोरासी से शत प्रतिशत आरंग ब्लॉक से दूरचाल होते हुये यहां गांव पूरे जिले में एक मॉडल के रूप में है। डॉ विजय लक्ष्मी ने बताया की इसी प्रकार का आयोजन ब्लॉक में सभी जगह किया जाना है। इस कार्यक्रम में सेक्टर नोडल पुष्पालता चंद्रकार, सुपर वाइगर परसराम साहू, अश्वनी साहू, खिलानद साहू दयालु, तोलेंद्र साहू, विष्णु बंजारे, नीता शर्मा, गीता साहू, लीना देवांगन, मीरा वर्मा, नेहा यशोदा निषाद, लक्ष्मी साहू, मितानिन प्रभा साहू, मीना सेन एवं सास बहू प्रमुख रूप से शामिल थे।

# महामारी और चेचक से बचाने ग्रामीणों ने केशला माता की पूजा की



**खरोरा।** केशला महामाया समिति द्वारा सोमवार को माता पहुंचनी का कार्यक्रम गांव के मां शीतला माता मंदिर प्रांगण में रखा गया। इस दौरान दर्शन पूजन करने ग्रामवासी उमड़ पड़े। श्रद्धालु जन कतारबद्ध होकर दर्शन लाभ लिये। शीतला माता के दरबार में पहुंचे सभी लोगों के हाथों में ठंडाई, पूजा थाली में पूजन सामग्री, चना दाल, हल्दी, नीम पत्ती, दीपक, अगरबत्ती रखे हुये थे। प्राचीन काल से माता पहुंचनी का विशेष महत्व रहा है। माता पहुंचनी कार्यक्रम साल के आषाढ़ माह में होता है। माता पहुंचनी करने से गांव में आने वाले बड़े बड़े महामारी चेचक जैसे विकट संकट से माता रक्षा करते हैं। इसका प्रमाण हैं जिससे श्रद्धालु माता पहुंचनी के दिन शीतला माता मंदिर में पूजा कर माता के सेवक बैगा ठंडा जल भक्तों शरीर में छिड़कते हैं। कार्यक्रम को समस्त ग्रामवासी सफल बनाने जुटे हुये।

# शिविर में 130 से अधिक लोगों ने आंखों की जांच कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग और श्री गणेश विनायक नेत्र संस्थान, रायपुर द्वारा ग्रामीण विकास परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य वृद्धों, महिलाओं एवं उन मरीजों को इलाज उपलब्ध करना था जो नेत्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे हैं और इलाज के लिए बाहर नही जा सकते। इस अवसर पर अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के इकाई प्रमुख सुभाष चन्द्र बसेर ने कहा कि इस पहल का प्रमुख उद्देश्य नेत्र संबंधी समस्या से लोगों को निजात उपलब्ध कराना है तथा श्री गणेश विनायक संस्थान एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी है, इसलिए इस संस्था को इस क्षेत्र में नेत्र शिविर आयोजन हेतु आमंत्रित किया गया है।

श्री गणेश विनायक नेत्र संस्थान से आए हुए डॉ. दुर्गेश ने बताया कि संस्थान शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना चाहता है, जिससे नेत्र संबंधी बीमारियों में कमी आए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध हो पाए।



शिविर में निकट के ग्राम कुल 130 से भी अधिक मरीजों का इलाज किया गया जो निकटस्थ ग्रामों से आए हुए थे। शिविर में अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के प्रशासनिक विभाग के रणजीत सिंह नैनवाल, चिकित्सा विभाग से डॉ. सपना पचौरी तथा ग्रामीण विकास से वैभव त्रिपाठी और आशुतोष करें उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग से तारिणी राजपूत, उमाशंकर धीवर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामा साहू, सविता वर्मा तथा हेमलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षा भावी पीढ़ी निर्माण की है प्रथम सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शिक्षा भावी पीढ़ी के निर्माण की पहली सीढ़ी है। शिक्षित बच्चा आगे चलकर अपने परिवार, समाज और देश को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इस कारण बच्चों की शुरुवाती नींव इतनी मजबूत हो की बच्चा सभ्य समाज को आगे बढ़ा सके और यह सब तभी संभव हो पाएगा जब शिक्षक अपनी शिक्षा से बच्चों के मन के विचारों को समझ उसे आगे बढ़ाने में अपना समय देंगे।उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थी एवं बालकों को संबोधित करते हुए कही।

नगर की पंचम दीवान पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इंद्र साव ने कहा कि बच्चों का असली गुरु ही माता-पिता के बाद शिक्षक होता है और बच्चों की शिक्षा दीक्षा ऐसी होनी चाहिए कि बच्चों के पालकगण भी गर्व महसूस करें। आज शिक्षा का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और बच्चों को सिर्फ पढ़ना ही मूल मकसद नहीं होना चाहिए, बल्कि जिस विधा में बच्चे की जिज्ञासा हो उस क्षेत्र में भी उसे पूर्ण रूपेण शिक्षित किया जाना चाहिए। विधायक साव ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से व्यायाम करना भी चाहिए, ताकि बच्चे चुस्त दुरुस्त और फुर्तीले बन सके। उन्होंने मांग रखी कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में दैनिक जीवन के व्यवहार को नियंत्रित करने वाले पाठ्यक्रम का समावेश भी होना चाहिए, जिससे विद्यार्थी खुद अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर अपने भविष्य की संरचना तैयार कर सके। विधायक इंद्र साव ने नये शिक्षा सत्र में नन्हें मुन्नें बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव पर बच्चों का तिलक लगाकर अभिनदंन करते हुए उन्हें पुस्तक, गणवेश आदि का वितरण करते हुए बधाई दी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव एवं मंचस्थ अतिथियों का बीईओ रामजी पाल, बीआरसीसी लेखराम साहू एवं शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शाला की बच्चियों ने स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वार्ड पार्षद आशीष पुरोहित ने भी अपने उद्बोधन में बच्चों के शैक्षणिक विकास को लगातार आगे बढ़ाने उन्हें प्रेरित करने शिक्षकों से आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शाला परिसर में अतिथियों ने पौधारोपण कर इसकी देखभाल करने उपस्थित स्कूल स्टाफ से अपील की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर एसएमडीसी की अध्यक्ष गायत्री आडिल, एबीईओ भास्कर देवांगन, मुकेश अग्रवाल, मुन्ना सिंह नेताम, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव, नगर पालिका कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य राजेंद्र जोशी, पूर्व माध्यमिक शाला पंचम दीवान के प्रधान पाठक केशव राम वर्मा, संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन, तेजराम वर्मा, वीरेंद्र बंजारे, सालिक राम साहू, शिक्षक श्रीमती सुशीला वर्मा, शिवमंगल ठाकुर, मुकेश वर्मा, सुनीता देवांगन, सुशीला साहू, प्रियंका चौबे सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

■ विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक साव ने छात्रों का बढ़ाया उत्साहवर्धन

## आक्रोशित वार्डवासियों ने नगर पंचायत का किया घेराव

# शहर की नाली गंदगी से पटी, बारिश से सड़क पर फैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर में वार्ड दो, तीन और चार के रहवासी विगत डेढ़ दो सालों से ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के नाम पर बेहाली एवं नगर पंचायत की घोर उदासीनता के चलते बदतर जीवन यापन करने मजबुर हैं।

नगर के जनप्रतिनिधियों को इससे कोई सरोकार नहीं है। मोहल्लेवासियों ने निराकरण नहीं होने पर सोमवार को दोपहर नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतला पारा स्थित सड़क से वार्ड दो-तीन एवं चार के वासियों का आने जाने का मुख्य मार्ग है, जिसमें पाइप लाइन निर्माण के लिए जगदलपुर के आरपीजी इंट्राफेक्चर कंपनी को ठेका पर दिया गया है, जो डेढ़ दो वर्षों में भी कार्य पूरा नहीं किया है। पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़क को बेतरतीब खोद कर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे कर छोड़ दिए हैं। इसमें अनेक बार लोग गिर चुके हैं।




उल्लेखनीय हो कि गत माह नगर में साफ सफाई जन–जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें एसडीएम तहसीलदार, अधिवक्ता संघ एवं विभिन्न राजनीतिक दल के सदस्यों द्वारा नगर पंचायत सिमगा के सब्जी मंडी में सफाई अभियान चलाकर स्थानीय निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वच्छता की प्रक्रिया में भागीदार बनाने अभियान की शुरुआत की गई। इस सामूहिक प्रयास का उद्देश्य न केवल नगर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि सभी निवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता की प्रक्रिया में भागीदार बनाना भी है। इस अभियान में जिस तरह से सबकी सक्रियता दिखी उससे यही संदेश नजर आया कि स्वच्छता एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सभी को एक साथ आकर काम करना चाहिए। यह लोगों की सामाजिक जिम्मेदारी है और सबको इसमें भाग लेना चाहिए।

### सड़क ठीक करने दस दिनों से मांग कर रहे

इसी मार्ग पर नगर दो बड़े निजी स्कूल वन्दना पब्लिक स्कूल एवं शक्ति कान्वेंट स्थित है, जहां तीन हजार बच्चे पढ़ते हैं। 1 जुलाई को शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही स्कूल खुल गयी, लेकिन दो दिन पूर्व हुई बारिश ने नगर पंचायत में सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश की वजह से सड़क पर कीचड़ दलदल होने से दोपहिया, चार पहिया व स्कूल बस फंस रही हैं। बच्चे स्कूल बैग के साथ कीचड़ में गिर रहे हैं। दोनों स्कूल के संचालक शिवधारी देवांगन एवं कमल सोनी नगर पंचायत के सीएमओ व ठेकेदार से सड़क ठीक करने दस दिनों से मांग कर रहे थे, लेकिन किसी के कान में जूं नहीं रेंग रहा। सब्र का बांध फुटने पर स्कूल संचालक के साथ मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत कार्यालय का घेराव कर व्यवस्था सुधारने की मांग करने लगे। वार्ड के लोगों ने बताया कि बारिश पूर्व नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई नहीं की गई। नालियों में गंदगी अटी पड़ी है एवं बजबजा रही है। कचरों का ढ़ेर पड़ा हुआ है, जिसे भी सफाई कर्मियों द्वारा नहीं उठाया गया है। वहीं ठेकेदार को पाइप लाइन के लिए खोदे गड्ढे पर कांक्रीटीकरण करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और वहीं मिट्टी के ढ़ेर को छोड़ दिया गया जो बारिश होने पर पूरे सड़क में फैल कर दलदल में बदल गया। जनप्रतिनिधियों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

# पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव



**संडी-बंगला।** पलारी विकासखंड की ग्राम खरतोरा के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। वहीं प्रधानमंत्री सुपोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। बच्चों को जलेबी, खीर पूरी और मीठा भोजन परोसा गया। इस अवसर पर संकुल प्रचार्य पद्मनी ध्रुव, शैल चन्द्रवंशी प्रधान पाठक पूर्व मा शा खरतोरा, दुलेश्वरी फेकर अध्यक्ष शाला विकास समिति, कुलदीप कोसले प्रधान पाठक प्राथमिक शाल खरतोरा एवं शाला शिक्षक बुद्धेश्वरी वर्मा, घनश्याम प्रसाद राय, ज्योति नेताम, पद्मनी वर्मा, लक्ष्मीनारायण पटेल, वीरेंद्र कुमार वर्मा व्याख्याता, कुमारी सिंधु यादव, इतवारी राम यादव, सुरेश कुमार वर्मा तथा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी बच्चे उपस्थित रहे।